तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



3 औसत वर्षा का कोटा अभी अधूरा, अब तक सामान्य से 200 मिमी कम वर्षा




## खबर संक्षेप



### आनी में न्यौता भोज का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में ग्राम आनी स्थित शासकीय हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 120 छात्र-छात्राओं को पौष्टिक न्यौता भेजा का लाभ लिया। इस अवसर पर अग्रवाल ने विद्यार्थियों संवाद करते हुए नियमित अध्ययन, शुद्ध लेखन का अभ्यास, अनुशासन, स्वच्छता तथा प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और अच्छे संस्कार ही उज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें टी-शर्ट, कैप एवं अन्य प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई।

### सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से बना जाति प्रमाण पत्र

**बैकुण्ठपुर।** शासन की डिजिटल पहल सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों को त्वरित, सरल और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रभावी साबित हो रही है। जिला कोरिया के ग्राम सरभोका के निवासी मुकेश कुमार इसका एक प्रेरक उदाहरण हैं। मुकेश कुमार ने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। उनके आवेदन का निराकरण मात्र दो दिन में करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। मुकेश कुमार ने बताया कि पहले ऐसे कार्यों के लिए कई बार कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों खर्च होते थे।

### प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने बदली मानमती की जिंदगी

**बैकुण्ठपुर।** विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ऐसे ही हजारों परिवारों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आई है। एमसीबी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवरी की निवासी मानमती, पति बारनु की कहानी इस योजना की सफलता का जीवंत उदाहरण है, जिनके जीवन में एक पक्के घर ने सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का नया अध्याय जोड़ दिया।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कल

**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में 24 जुलाई शुक्रवार को किशोर/कन्या भारती के मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें नवचयनित छात्र पदाधिकारी अपने दायित्वों का विधिवत शपथ ग्रहण करेंगे। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों से कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया है। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व तथा संगठनात्मक भावना का विकास करना है, ताकि वे विद्यालय और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर सकें। शपथ ग्रहण के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं प्राचार्य की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को उनके दायित्वों का बोध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई जाएगी।

## बदहाली पर आंसू बहा रहा छरछा मिडिल स्कूल

# वनकर्मी के क्वार्टर में पढ़ रहे 38 बच्चे



वन विभाग के क्वार्टर में लग रहा स्कूल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- एक कमरे में तीन कक्षाएं, बरसात में पानी के बीच पहुंचते हैं विद्यार्थी

प्रदेश सरकार जहां शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और सरकारी स्कूलों के कायाकल्प के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा कर रही हैं, वहीं कोरिया जिले में एक ऐसा विद्यालय भी है जहां बच्चे आज भी सुरक्षित और सुविधाजनक भवन के लिए इंतजार कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से करीब 8 किलोमीटर दूर बैकुण्ठपुर-सोनहत मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम छरछा का शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिछले एक साल से अपने मूल भवन में संचालित नहीं हो पा रहा है। जर्जर हो चुके स्कूल भवन से बच्चों को हटाकर अब वन विभाग के वर्षों से खाली पड़े एक छोटे सरकारी आवास में कक्षाएं लगाई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार छरछा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन का लंबे समय से रखरखाव और मरम्मत नहीं होने के कारण भवन धीरे-धीरे जर्जर होता गया। स्थिति यह हो गई कि भवन के अंदर कमरों की छत का प्लास्टर उखड़कर गिरने लगा। ऐसे में कभी भी दुर्घटना की आशंका को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने बीते वर्ष मूल भवन में कक्षाओं का संचालन बंद कर दिया। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विद्यालय को अस्थायी रूप से पास में स्थित वन विभाग के कर्मचारियों के लिए बनाए गए खाली सरकारी क्वार्टर में शिफ्ट कर दिया गया। लेकिन यह वैकल्पिक व्यवस्था अब स्थायी परेशानी बन चुकी है। सरकारी आवास में स्कूल, सुविधाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति वनकर्मी के लिए बनाए गए छोटे से आवास में मिडिल स्कूल संचालित होने के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। आवास में प्रवेश करते ही छोटे कमरे को कार्यालय बनाया गया है, जबकि दूसरे कमरे में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। एक ही कमरे में तीन कक्षाओं का संचालन होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती, वहीं शिक्षकों को भी अलग-अलग कक्षाओं को पढ़ाने में परेशानी होती है।

### बरसात में पानी के बीच स्कूल पहुंच रहे बच्चे

बरसात के मौसम में विद्यालय तक पहुंचना भी विद्यार्थियों के लिए चुनौती बन गया है। स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास पानी भर जाने से बच्चों को जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं विद्यालय परिसर में खेल मैदान सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए केवल शिक्षक पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि सुरक्षित भवन और जरूरी सुविधाएं भी जरूरी हैं। लंबे समय से भवन की समस्या का समाधान नहीं होने से अभिभावकों में भी नाराजगी है।

### नए भवन निर्माण का भेजा गया प्रस्ताव

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार छरछा मिडिल स्कूल भवन की छत का प्लास्टर गिरने की स्थिति में पहुंच गया था, जिसके कारण बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। नए भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सवाल यही है कि शिक्षा के अधिकार और सुरक्षित स्कूलों की बात करने वाले सिस्टम में छरछा जैसे विद्यालयों को नया भवन कब मिलेगा, ताकि बच्चे सरकारी क्वार्टर नहीं बल्कि अपने सुरक्षित स्कूल भवन में पढ़ाई कर सकें।

### 38 बच्चों की पढ़ाई चार शिक्षकों के भरोसे

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छरछा में वर्तमान में कक्षा छठवीं से आठवीं तक कुल 38 विद्यार्थी दर्ज हैं। इन बच्चों के लिए चार शिक्षक पदस्थ हैं। विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से शिक्षकों की उपलब्धता पर्याप्त है, लेकिन भवन और सुविधाओं की कमी के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

# बारिश में टपकती छत, अंधेरे में पढ़ाई



- अर्जुनघाट के आदिवासी बच्चों की शिक्षा पर संकट

**बिजुरी।** अनूपपुर जिले के अंतिम छोर पर स्थित बिजुरी क्षेत्र के अर्जुनघाट शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बदहाल स्थिति एक बार फिर ग्रामीण अंचलों की शिक्षा व्यवस्था की हकीकत बयां कर रही है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के इस विद्यालय में अध्ययनरत लगभग एक सौ छात्र-छात्राएं जर्जर भवन में अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करने को विवश हैं।

बरसात के मौसम में विद्यालय की छतें कई स्थानों से टपकती हैं, जिससे कक्षाओं में पानी भर जाता है और बच्चों को भीगते हुए पढ़ाई करनी पड़ती है। लगातार भीगने के कारण विद्यार्थियों के बीमार पड़ने का खतरा भी बना रहता है, वहीं जर्जर छत के किसी भी समय गिरने की आशंका से शिक्षक और अभिभावक चिंतित हैं। विद्यालय में बिजली की सुविधा नहीं होने के कारण बारिश या बादल छाने पर कक्षाओं में अंधेरा छा जाता है। ऐसे में बच्चों को खिड़कियां खोलकर प्राकृतिक रोशनी के सहारे पढ़ाई करनी पड़ती है। हालांकि खुली खिड़कियों से बरसाती कीड़े-मकोड़े और अन्य जीव-जंतु कक्षाओं में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय भवन की मरम्मत और बिजली की व्यवस्था को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को प्रतिदिन कठिन परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है।

# संपूर्ण स्वच्छता के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी



- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को लागू किया गया है। इसके अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के मानकों के अनुसार आवश्यक स्वच्छता के लिए ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण व प्रबंधन की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

इस कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने जिले की सभी जनपद पंचायतों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) नियम-2026 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में घर-घर से कचरे का पृथक संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत पर पृथक्करण तथा अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण कर उसे अधिक से अधिक भू-जल पुनर्भरण (रिचार्ज) करना अभियान का मुख्य उद्देश्य हैं। जब हमारे भू-जल स्तर में वृद्धि होगी तभी जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिलेगी, इसलिए शासन द्वारा संचालित मोर गांव मोर पानी महाभियान को और तेज करते हुए सभी जनपद पंचायतों को मिशन मोड में सामुदायिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिला स्वच्छतावाहियों को आवश्यक सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए तथा सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे वे सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने ⏭ शेष पेज 4 पर

## ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान से जुड़े लोग



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय सेना के वीर जवानों के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित ₹ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र₹ अभियान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने जिलेवासियों से आगे आने की अपील की है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रतिमा पटवा एवं जिला संयोजक सुनीता शाह ने संयुक्त रूप से जारी अपील में कहा कि यह अभियान छत्तीसगढ़ की पावन मिट्टी, बहनों के स्नेह और प्रदेशवासियों की शुभकामनाओं को देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों तक पहुंचाने का एक अनूठा प्रयास है। उन्होंने बताया कि अब तक इस अभियान के माध्यम से 27 लाख 92 हजार से अधिक भारतीय सैनिकों को छत्तीसगढ़ की पवित्र मिट्टी से तिलक कर ₹सिपाही रक्षा-सूत्र₹ सेना मुख्यालय तक सम्मानपूर्वक और निःशुल्क पहुंचाया जा चुका है। इस वर्ष भी अभियान प्रारंभ हो चुका है और सभी विद्यालयों, मातृशक्ति, बहनों, युवाओं तथा समाज के प्रत्येक वर्ग से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया है।

# जनकपुर के नए बस स्टैंड में कीचड़ ही कीचड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर





लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया जनकपुर का नवीन बस स्टैंड आज बदहाली और अव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहा है। बरसात शुरू होते ही पूरा बस स्टैंड कीचड़ और जलभराव की चपेट में आ गया है। हालात ऐसे हैं कि यात्रियों को बस तक पहुंचने के लिए कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।

नगर पंचायत की लापरवाही के चलते यह सार्वजनिक सुविधा केंद्र अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। प्रतिदिन हजारों यात्री, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग, स्कूली छात्र-छात्राएं और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग शामिल हैं, कीचड़ और फिसलन के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। बस स्टैंड की स्थिति देखकर ऐसा लगता है मानो वर्षों से यहां किसी तरह का रखरखाव ही नहीं किया गया हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या हर साल बरसात में सामने आती है, लेकिन नगर पंचायत केवल दावे करती है। न तो जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की गई और न ही समय रहते गिट्टी, मुरूम या मरम्मत का कार्य कराया गया। नतीजा यह है कि बस स्टैंड दलदल में तब्दील हो गया है और यात्रियों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजों में विकास के दावे कर रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत पूरी तरह अलग है। यदि समय रहते रखरखाव और जल निकासी की व्यवस्था की गई होती, तो आज हजारों यात्रियों को इस दुर्दशा का सामना नहीं करना पड़ता। स्थानीय नागरिकों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से तत्काल बस स्टैंड परिसर की सफाई, प्रभावी जल निकासी, गिट्टी-मुरूम डालकर मार्ग को समतल करने और स्थायी समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जन आंदोलन भी किया जा सकता है।

## सड़कों पर मवेशियों का डेरा...

**बैकुण्ठपुर।** बरसात के सीजन में मवेशी सड़कों पर रहते है इसके चलते हादसों का खतरा बना रहता है। शहर क्षेत्र से लेकर शहर के बाहरी मुख्य मार्ग में प्रतिदिन सड़क पर मवेशी का डेरा दिखाई देता है।



## घरेलू खपत के बाद बची हुई यूनिट के नगदीकरण से होगा दोहरा लाभ

# घरेलू ऊर्जा का बेहतर विकल्प है पीएम सूर्यघर बिजली योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



आज ऊर्जा संकट के बीच हमारे घरों में नियमित बिजली के लिए सौर ऊर्जा सबसे बेहतर विकल्प है। जरूरत है कि हम इसे आगे बढ़ाते हुए अपने अपने घरों में उपयोग करें। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना इसका सबसे सुंदर और सफल माध्यम हो सकता है।

कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दोनों जनपद की मैदानी टीम को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा घरों में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए आम नागरिकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास और सहायक संचालक आशीष सिंह उपस्थित रहे। सभाकक्ष में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लिए समान रूप से लागू है। एक हितग्राही द्वारा अपने घर की छत पर लगने वाले एक किलो वाट के सोलर प्लांट को स्थापित करने में आने वाला खर्च लगभग 70 हजार रुपए है। इस राशि का नब्बे प्रतिशत राशि बैंक से आसान ऋण प्राप्त कर लगाई जा सकती है और उसके साथ हितग्राहियों को केवल दस प्रतिशत राशि ही स्वयं वहन करना होगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा अलग अलग अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। यदि कोई हितग्राही अपने घर पर एक किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करवाते हैं तो उन्हें केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार तथा राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रुपए अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। इस तरह से आवेदक को मात्र 30 हजार रुपए ही लगेंगे और यह बेहद आसान किस्तों में जमा कर सकते हैं। कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने कहा कि यह योजना प्रत्येक परिवार के लिए बेहद लाभदायक है। सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करवाते ही बिजली बिल शून्य हो जाएगा और आपके घर से उत्पादित होने वाली बिजली में घरेलू खपत के बाद बची हुई बिजली यूनिट की राशि भी विभाग द्वारा साल दर साल आपको सीधे खाते में प्रदान कराई जाएगी।

# ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरिया के मार्गदर्शन में तथा जिला मिशन समन्वयक दीपिका पटेल के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल गढ़तर में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने के साथ-साथ फिशिंग, लॉटरी फ्रॉड, पहचान चोरी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें सुरक्षित डिजिटल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, सभी महत्वपूर्ण खातों में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन या लॉग-इन वेरिफिकेशन सक्रिय रखने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, पिन और पासवर्ड साझा नहीं करने की सलाह दी गई।



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

## लाइफ Style

# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ



एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।

## हॉलीवुड मसाला



# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी


**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

## टीवी मसाला



# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

## दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।



# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना



**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?





### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना



मनेन्द्रगढ़। भाजपा नेत्री डॉ. रश्मि सोनकर ने हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों को लेकर कांग्रेस और प्रदर्शन में शामिल संगठनों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के बयान के विरोध में पुतला दहन किया जा रहा है, तो उन लोगों का भी विरोध होना चाहिए जिन्होंने सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा महिला मोर्चा सोशल मीडिया प्रदेश सह प्रभारी डॉ. रश्मि सोनकर ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े प्रदर्शन में प्रभु श्रीराम, माता सीता और संत प्रेमानंद महाराज का नाम और चित्र लाना पूरी तरह अनुचित है। उनका कहना है कि विद्यार्थियों के मुद्दों को धार्मिक आस्था से जोड़ना aसमाज में भ्रम और तनाव पैदा करने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान कुछ समूहों द्वारा ऐसे नारे लगाए गए जिनका छात्रों की मांगों से कोई संबंध नहीं था। उनके अनुसार जंतर-मंतर पर हुए घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि कुछ लोग वास्तविक मुद्दों की आड़ में अलग एजेंडा चलाने का प्रयास कर रहे हैं। नीट परीक्षा के संबंध में डॉ. सोनकर ने कहा कि जब अनियमितताओं की शिकायतें सामने आईं तो केंद्र सरकार और संबंधित मंत्री ने तत्काल संज्ञान लिया तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर तीस हजार का जुर्माना

अम्बिकापुर। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस बीच सरगुजा पुलिस ने एक स्कार्पियो और दो बाइक चालकों पर कार्रवाई की गई जिसके बाद न्यायालय द्वारा उनपर दस दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी राजेश अग्रवाल द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये है। इस दौरान यातायात शाखा पुलिस टीम जांच के दौरान स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 6290 के चालक अजिरमा शांतिनगर निवासी 37 वर्षीय छत्रपति अजमले आ. कृष्ण कुमार की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जिसमें युवक नशे में धुत पाया गया। इसके साथ ही थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा खड़धोवा रोड मे वाहन चेकिंग दौरान पल्सर एनएस मोटरसायकल सोल्ड वाहन के वाहन चालक बतौली कछारडीह निवासी 19 वर्षीय समीर मिंज आ. कन्हैया मिंज व बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएस 5755 के चालक कछारडीह निवासी 18 वर्षीय अमलेश मिंज आ. बुधराम मिंज को पकड़कर डॉक्टरी मुलाहिजा कराये जाने पर शराब के नशे मे धुत होना पाया गया। मामले में पुलिस ने एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें 10-10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली विवेक सेंगर, यातायात शाखा प्रभारी विजय कैवर्त एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रहे।

### साइबर अपराध मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

शंकरगढ़। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने 9 अक्टूबर 2025 को शंकरगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि त्रिकुंडा थाना अंतर्गत डिण्डो क्षेत्र के ग्राम बसेरा खुर्द निवासी अजय कुमार रवि आ. गजाधर रवि (22 वर्ष) वर्ष 2025 के जनवरी माह में चालक को काम करने शंकरगढ़ आया था। इस बीच परिचय होने के बाद उससे बातचीत करने लगा। कुछ दिन बाद अजय उसके पति को जान से मारने की धमकी देना के साथ गाली-गलौज करना और अश्लील वीडियो एवं आपत्तिजनक संदेश मोबाइल में भेजने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 79 एवं 67, 67(ए) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार था। मुखबिर से सूचना पर पुलिस टीम ने उसके गांव पहुंचकर हिरासत में लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### संपूर्ण स्वच्छता के...

कोरिया वासियों से पूरे क्षेत्र की स्वच्छता में सहभागी होने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार यह ठान लें कि अब किसी भी प्रकार का कचरा खुले में नहीं फेकेंगे, इससे स्वच्छता का एक बड़ा चरण स्वमेव पूरा हो जाएगा। सभी नागरिक अपने घरों में ही गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करें और सार्वजनिक स्थानों, सड़क, पक्की नालियों, नदी-नालों एवं खाली भूमि पर कचरा नहीं फेंकने का संकल्प लें।

---

### लापरवाही बरतने वाले सरपंच व ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस जारी

# जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास से मिलेंगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



आम ग्रामीण परिवारों को आर्थिक तौर पर सक्षम बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने जिले के ग्रामीण विकास हेतु संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय योजनाओं में स्वीकृत अनेक निर्माण कार्यों में विलम्ब पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने लापरवाही बरतने वाले सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत कोरिया के नव पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास, सहायक संचालक पंचायत आशीष सिंह और जिला पंचायत के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर रोक्तिमा यादव ग्रामीण आजीविका में सुधार के साथ संसाधन निर्माण करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक जुलाई से लागू की गई वी बी जी राम जी योजना पर सबसे पहले बात की। उन्होंने सबसे पहले आवश्यकता अनुसार बालिका शौचालय निर्माण कार्य प्रस्ताव तैयार कर जल्द निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए।

#### राशि गबन करने वालों से होगी वसूली

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जनमन आवास तथा एमएमएवाई में प्रगति पर समीक्षा करते हुए कलेक्टर रोक्तिमा ने कहा कि बारिश के मौसम में भी हितग्राही मकान के कार्य लगातार जारी रखें ताकि जल्द उनका पक्का मकान पूरा हो सके। उन्होंने लम्बे समय से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में अनुदान राशि पाकर निर्माण नहीं करने वाले लापरवाह हितग्राहियों के विरूद्ध तुरंत राशि वसूली प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए।

#### हर महिला आर्थिक स्वावलंबी हो

ग्रामीण आजीविका में सुधार करने हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं को स्थाई आजीविका गतिविधि से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी आजीविका डबरी और तालाब में मछली पालन से महिलाओं को मजबूत आजीविका का संसाधन दिए जा सकते हैं। इसके लिए सभी योजनाओं में समन्वय कर कार्यवाही करें।

---

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर एमसीबी जिले के चिरमिरी स्थित हल्दीबाड़ी में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उनके इस्तीफे की मांग उठाई।

धरना सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी प्रो. भागवत प्रसाद दुबे, प्रदेश सचिव सुभाष कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवांश जैन, पूर्व महापौर डोमरु रेड्डी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष गायत्री विरहा, राजकुमार केशरवानी, हासीफ मेमन, शाहीन पाराशर, असरब खान, मनोज साहू, राजू सलीम, पार्षद राहुल भाई पटेल, सन्नी चौहथा, इम्तियाज अहमद और अनीष सहित अन्य नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक की घटना ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका आरोप था कि इस प्रकरण से परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता प्रभावित हुई है तथा छात्रों का विश्वास डगमगाया है। उन्होंने कहा कि इतनी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परीक्षा में कथित अनियमितताओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जवाबदेही तय होना आवश्यक है। धरना-प्रदर्शन में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और कांग्रेस के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी गई कि जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती और छात्रों को न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

---

# शीर्ष नेताओं के गिरफ्तारी पर कोरिया कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



छात्र समुदाय के समर्थन में छात्रों एवं युवाओं के मुद्दों को लेकर किए गए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कुमार चौक में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि देशभर में छात्र एवं युवा अपने अधिकारों और भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। ऐसे समय में उनके समर्थन में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं सांसदों की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनहित के मुद्दों पर जवाब देने के बजाय विपक्ष की आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास कर रही है। छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ना अपराध नहीं हो सकता। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की और कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई आगे भी पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद, हेमसागर यादव, आशीष यादव लल्ला शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, काकू सरदार, सुरेंद्र तिवारी, दीपक गुप्ता, गणेश राजवाड़े, भूपेंद्र यादव, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, संगीता राजवाड़े, फरोग, वसीम खान, परेश सिंह आशीष डबरे, अंकित गुप्ता, रामकृष साहू, विजय चक्रधारी संतोष गोयन, सौरभ गुप्ता, सुमन दुबे रियाजउद्दीन, विक्रांत सिंह, राजू भगत, अजीमुल्ला खान, रमेश देवांगन, रकीब बेगम, अर्पित गुप्ता, सत्य नारायण मोदी, शशि मांझी, जीतू गुप्ता, असद इराकी एवं अनेकों कांग्रेसजन भारी संख्या में उपस्थित रहे

---

# नारेबाजी करने वाले कार्यकतार्ओं ने प्रदेश अध्यक्ष के नाम लिखे पत्र में मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



भारतीय जनता पार्टी के एमसीबी जिले के खोगापानी में गत दिनों आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान हुई नारेबाजी के मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है। नारेबाजी में शामिल कुछ कार्यकतार्ओं ने भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष के नाम एक क्षमायाचना पत्र लिखते हुए उसे भाजपा जिला अध्यक्ष चम्पा देवी पावले को सौंपा है। कार्यकतार्ओं ने पत्र में स्वीकार किया है कि सम्मेलन के दौरान वे भावावेश में आ गए थे, जिसके कारण उन्होंने नारेबाजी की।

उन्होंने कहा कि उनके इस व्यवहार से संगठन की मयार्दा प्रभावित हुई, जिसका उन्हें गहरा खेद है। पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी भी वरिष्ठ पदाधिकारी या संगठन का अपमान करना नहीं था। कार्यकतार्ओं ने लिखा कि भारतीय जनता पार्टी उनके लिए केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक परिवार और विचारधारा है। संगठन के अनुशासन, वरिष्ठ नेतृत्व और पार्टी की परंपराओं के प्रति उनका पूरा सम्मान है। उन्होंने भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होने देने तथा पार्टी के अनुशासन का पूरी निष्ठा से पालन करने का संकल्प भी व्यक्त किया है। पत्र के माध्यम से कार्यकतार्ओं ने भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष से अपनी भूल को क्षमा करने का आग्रह किया है। साथ ही जिला अध्यक्ष चम्पा देवी पावले के माध्यम से पत्र प्रेषित करते हुए संगठन में पूर्ववत सक्रिय रूप से कार्य करने का अवसर देने की अपेक्षा भी जताई है।

### ग्रेविटी पाइप लाइन विस्तार के लिए प्रक्रिया शुरू

**अंबिकापुर।** बांकी डेम से शहर के तकिया फिल्टर प्लांट तक नगर निगम द्वारा अब ग्रेविटी पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। ग्रेविटी पाइप लाइन के विस्तार हेतु ननि को मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत लगभग 9 करोड़ 20 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बांकी जलाशय से तकिया फिल्टर प्लांट तक ग्रेविटी पाइपलाइन कार्य हेतु जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य जितेन्द्र सोनी ने स्वीकृति प्रदान करने हेतु उपमुख्यमंत्री व नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव, विधायक व केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त कार्य के होने बाकी डेम से बिना अवरुद्ध तकिया फिल्टर प्लांट तक पानी आ सकता है व बारिश में नदी के माध्यम से प्लांट तक पानी आता है व पानी गंदा होने से पानी के फिल्टर एवं टिटमेंट में काफी परेशानी जाती थी। जिससे जल सप्लाई प्रभावित होता था।

---

# झमाझम बारिश से बतौली क्षेत्र स्थित मान नदी उफान पर



सेदम। बतौली क्षेत्र मे पिछले तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर है। बारिश के बाद मान नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है जिससे बतौली के सुवारपारा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली पुलिया के ऊपर पानी बहने से क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो रहा है। ऐसे में ग्रामीण, स्कूली बच्चों, शिक्षकों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने हल्की बारिश में भी पुलिया के ऊपर से पानी जाने तथा आवागमन में हो रही परेशानियों को लेकर पुल निर्माण की मांग की है जिससे बरसात के मौसम में क्षेत्र के लोगों का राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया पर पानी भरने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, शिक्षकों तथा दैनिक कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती है। आपातकालीन स्थिति में भी लोगों को जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करना पड़ता है। गांव के लोगों को एनएच 43 मुख्य मार्ग तक आने के लिए वर्षो से पुलिया से आवागमन करते है। इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह एक मात्र मार्ग है। बारिश के मौसम हो छोड़ दे तो अन्य मौसम में क्षेत्र के लोगों को नदी में पानी कम होने ज्यादा परेशानी नहीं होती परंतु बरसात के दिनों पर नदी उफान में होने तथा पुलिया के ऊपर से पानी बहने से एनएच 43 से संपर्क टूट जाता है।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में बुधवार को 'लज्जा-अशोक कुमार अलंग स्मृति सम्मान समारोह -2026' गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक, स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की अनूठी परंपरा का दसवां वर्ष रहा।

समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कमिश्नर डॉ. संजय अलंग थे। विशिष्ट अतिथियों में जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता, शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य के.के. टोप्पो, पूर्व प्राचार्य उमाशंकर शुक्ला, वरिष्ठ व्यवसायी श्रीप्रकाश जायसवाल एवं शंकर सुमन मिश्रा उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता ने समारोह के दसवें वर्ष में प्रवेश पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की शैक्षणिक संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। पूर्व प्राचार्य उमाशंकर शुक्ला ने अलंग परिवार के शिक्षा के प्रति समर्पण को रेखांकित किया, जबकि वरिष्ठ व्यवसायी श्रीप्रकाश जायसवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में परिवार की सेवाओं की सराहना की।

जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने कोरिया जिले की शैक्षणिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि डॉ. संजय अलंग ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए बदलते समय के अनुरूप अध्ययन की प्रभावी पद्धतियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में उपयोगी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सफलता का आधार अनुशासन, निरंतर अध्ययन और सकारात्मक सोच है।

# संलग्नीकरण निरस्ती से सेजस हिन्दी माध्यम स्कूल की व्यवस्था हुई प्रभावित




**बिश्रामपुर।** प्रदेश में संलग्नीकरण निरस्त किए जाने के निर्णय का असर अब विद्यालयों की दैनिक व्यवस्थाओं पर भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में भृत्य कर्मचारियों के अभाव के कारण स्कूल संचालन प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में भृत्य के कुल 5 स्वीकृत पद हैं। इनमें 1 भृत्य मातृत्व अवकाश पर हैं, जबकि 4 पद लंबे समय से रिक्त हैं। विद्यालय में कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिए एक भृत्य को संलग्न किया गया था, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के आदेश के बाद उन्हें भी उनके मूल विद्यालय वापस भेज दिया गया। इसके बाद विद्यालय पूरी तरह भृत्य विहीन हो गया है। स्थिति यह है कि विद्यालय में सुबह ताला खोलने और छुट्टी के बाद ताला बंद करने तक के लिए कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। परिसर एवं कक्षाओं की नियमित साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता, कार्यालयीन कार्यों में सहयोग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। इसका सीधा असर विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों पर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब शासन द्वारा विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया गया है, तब न्यूनतम आवश्यक कर्मचारियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए,केवल नाम से उत्कृष्ट विद्यालय बनाने से गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था नहीं बनती है। विद्यालय से जुड़े अभिभावकों ने मांग की है कि रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था होने तक आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती की जाए, ताकि विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।


---

# समाजसेवी गणेश दास नहीं रहे



**बैकुण्ठपुर।** प्रख्यात समाजसेविका स्वर्गीय श्रीमती अम्बा देवी के पति तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी कोरिया विजय मानिकपुरी के पिताजी, 80 वर्षीय गणेश दास मानिकपुरी का बुधवार प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, शुभचिंतकों तथा सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में रुचि रखने वालों ने शोक व्याप्त की है। गणेश दास मानिकपुरी रामायण के प्रख्यात टीकाकार, गहन अध्येता एवं चिंतक थे। वे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे, अविभाजित मध्यप्रदेश में कर्मचारी नेता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे तथा इंटक के महामंत्री के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा चुके थे। स्पष्टवादिता, निर्भीक व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण वे समाज में अत्यंत सम्मानित थे। धार्मिक ग्रंथों, समाचार-पत्रों और साहित्यिक पुस्तकों के अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। ग्रामीण विकास, सामाजिक जागरूकता और जनकल्याण उनके चिंतन के प्रमुख विषय रहे। वे आजीवन सादा एवं शाकाहारी जीवन के पक्षधर रहे तथा सभी प्रकार के नशे के कट्टर विरोधी थे। उन्होंने समाज में नशामुक्ति के लिए अनेक जनजागरूकता अभियान चलाए। इसके साथ ही वे जातिवाद, अंधविश्वास और सामाजिक आडंबर के मुखर विरोधी रहे तथा सामाजिक समरसता और वैज्ञानिक सोच के समर्थक थे। मानव सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जीवन के अंतिम चरण तक बनी रही। उन्होंने जीते-जी अपना पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज, रायपुर को देहदान करने का संकल्प लिया था और इसके लिए विधिवत सहमति-पत्र भी भर दिया था। उनका यह प्रेरणादायी निर्णय परिवार, समाज और नई पीढ़ी के लिए सेवा, विज्ञान और मानवता का अनुकरणीय संदेश छोड़ गया है। गणेश दास मानिकपुरी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार, अनेक शुभचिंतक और समृद्ध सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत छोड़ गए हैं। उनके निधन से समाज ने एक विद्वान, कर्मठ, सिद्धांतनिष्ठ और स्पष्टवादी व्यक्तित्व को खो दिया है।

# प्रधान पाठक की हत्या करने वाले चचेरे भाइयों को भेजा गया जेल



अंबिकापुर। प्रधान पाठक की बेरहमी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने दोनों चचेर भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। त्रिकुंडा पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथौड़ा और चाकू बरामद किया है। बता दें कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम राधा नगर निवासी 49 वर्षीय जयकरण जगते आ. गोपी नाथ जगते धमनी के कुम्हारियापारा स्थित प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। जयकरण जगते सोमवार की सुबह घर से स्कूल जाने के नाम पर निकले थे। इस दौरान नवाडीह में अपने गौशाला के पास घात लगाकार बैठे हुए जयकरण जगते के चचेरे भाइयों 26 वर्षीय बृजमोहन जगते आ. बैजनाथ जगते व 23 वर्षीय हरिमोहन जगते आ. बैजनाथ ने पीछे से सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। हथौड़े के वार से जयकरण जगते जमीन पर गिर गए जिसके बाद आरोपी भाइयों ने उसपर चाकू से हमला कर दिया और कई वार करने के बाद गर्दन रेतकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की गई और चचेरे भाइयों बृजमोहन जगते व हरिमोहन जगते को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने जमीन विवाद में हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 103 (2), 3(5) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त हथौड़ा व चाकू जब्त किया। पुलिस ने 21 जुलाई को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

